प्राक्कथन

बदलती तकनीक ने सबसे ज्यादा परिवर्तन कम्प्यूटर के आकार में किया है। किसी समय कमरे के आकार वाला कम्प्यूटर सिकुड़कर डेस्कटॉप बन गया और अब डेस्कटॉप छोटा होकर लैपटॉप या नोटबुक में परिवर्तित हो गया है। आकार में छोटे होते ये कम्प्यूटर शक्ति में किसी भी मायने में डेस्कटॉप से कम नहीं हैं। पिछले कुछ वर्षों से लैपटॉप और नोटबुक कम्प्यूटरों की कीमतों में भी गिरावट आयी है जिसकी वजह से इनका चलन और ज्यादा हो गया है। लैपटॉप कम्प्यूटर और डेस्कटॉप कम्प्यूटर में तकनीक के लिहाज से कोई भी अंतर नहीं होता है, अंतर केवल आकार का होता है। जिस तरह से डेस्कटॉप कम्प्यूटर में इनपुट यूनिट, प्रोसेसिंग यूनिट और आउटपुट यूनिट होती हैं ठीक उसी तरह से लैपटॉप तथा नोटबुक में भी ये तीनों यूनिटें होती हैं। इनके प्रयोग में गतिशीलता है और आप अपने लैपटॉप को अपने साथ किसी भी स्थान पर ले जा सकते हैं तथा प्रयोग कर सकते हैं। वाई-फाई इंटरनेट के प्रयोग ने तो इसके इस्तेमाल को और भी ज्यादा बढ़ावा दिया है। आज की तारीख में लैपटॉप का प्रयोग कम्प्यूटर की उच्च-तकनीक के इस्तेमाल का प्रतीक समझा जाता है। इसी बात को ध्यान में रखकर हमारे देश की कुछ राज्य सरकारों ने 12 वीं पास छात्रों को कम्प्यूटर की उच्च-शिक्षा प्रदान करके के उद्देश्य हेतु मुफ्त में लैपटॉप वितरण की योजनायें चलायीं हैं। इससे देश के लाखों छात्र लाभान्वित हो रहे हैं। इस पुस्तक की रचना ऐसे ही लैपटॉप प्रयोगकर्ताओं को ध्यान में रखकर की गयी है जो सीधे-सीधे लैपटॉप से कम्प्यूटर शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। ये छात्र इस पुस्तक से जहां लैपटॉप ऑपरेटिंग को माइक्रोसॉफ्ट विंडोज़ 7 के संदर्भ में समझ सकते हैं वहीं उसके रखरखाव अर्थात लैपटॉप केयर से सम्बन्धित उपयोगी जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही यह भी जान सकते हैं कि माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस 2010 में नया क्या है और उसे अपने लैपटॉप में किस तरह से इंस्टॉल किया जा सकता है। लैपटॉप का प्रयोग करके डॉक्यूमेंट्स को किस तरह से प्रभावशाली ढंग से बनाया जा सकता है और उनमें क्लिपआर्ट तथा अन्य प्रकार की इमेजों को कैसे प्रयोग किया जा सकता है इसकी जानकारी पुस्तक में एमएस वर्ड 2010 के द्वारा प्रदान की गयी है। इंटरनेट आज की बड़ी जरूरत बन गया है इसके बिना कम्प्यूटर शिक्षा आधी-अधूरी है। इंटरनेट की इसी उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए पुस्तक में इंटरनेट के विकास, इसके स्ट्रक्चर और इसके द्वारा मिलने वाली ई-मेल और वर्ल्ड वाइड वेब से सम्बन्धित जानकारी को प्रस्तुत किया गया है। इसकी सहायता से छात्र जहां इंटरनेट, ई-मेल और वेब को समझ सकते हैं वहीं यह भी समझ सकते हैं कि इंटरनेट पर जाकर एक्सप्लोरर का प्रयोग करके मनपसंद वेबसाइटों को किस तरह से खोला जा सकता है और उनसे ज्ञानवर्धक सूचनाओं को अपने सिस्टम में किस तरह से डाउनलोड किया जा सकता है। आशा है कि यह पुस्तक लैपटॉप प्रयोग करने वाले छात्रों के लिये अत्यन्त उपयोगी सिद्ध होगी और वे अपने लैपटॉप का सफल प्रयोग करते हुए एक बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर हो सकेंगे।

-लेखक

विषय सूची

1. लैपटॉप एक परिचय 1-16

2. ऑपरेटिंग सिस्टम परिचयः माइक्रोसॉफ्ट विंडोज़ 7 17-50

3. माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस 2010: परिचय और इंस्टॉलेशन 51-56

4. माइक्रोसॉफ्ट वर्ड 2010: वर्ड प्रोसेसिंग करना 57-90

5. इंटरनेट परिचय और प्रयोग 91-108

6. समस्यायें और समाधान 109-114

परिशिष्टः उपयोगी शब्दावली 115-116